## PRACTICE SET-2

**निर्देश (1–5)- निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार सम्भावित उत्तर हैं, जिन्हें a., b., c. और d. क्रम दिया गया है। आपको सही उत्तर चुनना है।**

**अनुच्छेद**

कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान दिल्ली के निकट स्थित है। यह हिमालय की निचली श्रेणियों में रामगंगा नदी की घाटी में है। दिल्लीवासी सड़क मार्ग से बड़ी सरलता से यहां पहुँच सकते हैं। वे कुछ रास्ता रेलगाड़ी से और शेष को सड़क मार्ग से भी तय कर सकते हैं।

कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान का निर्माण 1936 में हुआ था। यह भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान था। अप्रैल, 1973 में शिकारियों से बाघों की रक्षा के लिए 'बाघपरियोजना' का शुभारंभ इसी उद्यान से किया गया।

बाघों के अतिरिक्त कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में अन्य अनेक पशु भी बड़ी संख्या में रहते हैं। भालू, लोमड़ी, लकड़बग्घा, सिवेट बिलाव भी यहाँ रहते हैं। इन पशुओं के अतिरिक्त साँप, जैसे-भारतीय अजगर, करैत और नागराज भी इस उद्यान में मिल जाते हैं।

यहाँ वर्षभर अनेक पक्षी भी देखे जा सकते हैं, जैसे-बगुला, आंजन बगुला (हेरॉन), खांगवाली टिटहरी, काली गरदन वाले लगलग पक्षी भी इस उद्यान में सालभर देखे जा सकते हैं। वास्तव में पक्षियों की लगभग 580 प्रजातियाँ कॉर्बेट उद्यान में पाई जाती हैं।

भारत और विदेशों के पर्यटकों को इस उद्यान में आना पसंद है। वे हाथी पर सवार होकर पार्क में बाघ की झलक पाने का आनंद उठाते हैं। हाथी बाघों से नहीं डरते, इसलिए हाथी की सवारी पर्याप्त सुरक्षित और आनंददायक है।

**1. अप्रैल, 1973 में कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान से क्या प्रारम्भ किया गया है?**

**a.** बाघ परियोजना **b.** पहला राष्ट्रीय उद्यान
**c.** हाथी की सवारी **d.** पक्षी उद्यान

**2. कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में बाघ के अलावा और कौन-सा पशु देखा जा सकता है?**

**a.** सिंह **b.** घोड़ा
**c.** लकड़बग्घा **d.** ऊँट

**3. 'प्रजाति' शब्द का क्या अर्थ है?**

**a.** विशेष **b.** विविधता
**c.** किस्म **d.** पशु

**4. हाथी पर सवारी करके सैर करना क्यों सुरक्षित है?**

**a.** बाघों को हाथी पसंद नहीं।
**b.** हाथी बाघों से नहीं डरते।
**c.** लोगों को हाथी पसंद होते हैं।
**d.** हाथियों को कॉर्बेट उद्यान पसंद है।

**5. दिल्ली वालों के लिए कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान पहुँचना आसान क्यों है?**

**a.** वे वायुयान से वहाँ पहुँच सकते हैं।
**b.** वे रेल से वहाँ जा सकते हैं।
**c.** वे सड़क से वहाँ जा सकते हैं।
**d.** बहुत निकट होने के कारण वे आसानी से वहाँ जा सकते हैं।

**निर्देश (6–10)- नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**

कन्नड़ साहित्य के इतिहास में कवि मुद्दण का नाम गर्व के साथ लिया जा सकता है। उनका असली नाम लक्ष्मीनारायण था। वे मंगलूर जिले के नंदलिके में पैदा हुए थे। बचपन में वे अपनी माता के साथ पुराण और कीर्तन सुनने जाते थे। यक्षगान देखने में उन्हें बड़ा आनंद मिलता था।

यक्षगान में अभिनय करते थे। यक्षगान लिखने भी लगे। उडुपि के एक उच्च विद्यालय में वे व्यायाम शिक्षक का काम करने लगे। स्वाध्याय से उन्होंने संस्कृत साहित्य में पांडित्य पाया। 'श्रीरामाश्वमेध', 'अद्‌भुत रामायण', 'कुमार विजय' आदि उनकी रचनाएँ हैं। कवि मुद्दण की पत्नी का नाम 'मनोरमा' था। घर की गरीबी के कारण ये श्रेष्ठ कवि 31 वर्ष की अवस्था में क्षयरोग से स्वर्ग सिधार गए।

**6. कवि मुद्दण का असली नाम .......... था।**

**a.** नारायण **b.** लक्ष्मण
**c.** लक्ष्मीनारायण **d.** लक्ष्मन

**7. कवि मुद्दण .......... गाँव में पैदा हुए थे।**

**a.** नंदलिके **b.** नलद
**c.** नंदलिखे **d.** उडुपि

**8. कवि मुद्दण एक उच्च विद्यालय में .......... शिक्षक का काम करने लगे।**

**a.** कन्नड़ भाषा **b.** व्यायाम
**c.** संस्कृत भाषा **d.** अंग्रेजी भाषा

**9. कवि मुद्दण की पत्नी का नाम ......... था।**

**a.** मनोरमा **b.** अनुसूया
**c.** रमा **d.** मीना

**10. कवि मुद्दण की रचना .......... है।**

**a.** कुमारव्यास भारत **b.** महाभारत
**c.** श्रीरामाश्वमेध **d.** वाल्मीकि रामायण

**11. ''अधजल गगरी छलकत जाए'' ... उक्त मुहावरे के लिए वाक्य बताएं।**

**a.** फूटी हुई गगरी से जल टपकता है।
**b.** आधे जल से भरी गगरी छलकत जाती है।
**c.** कम गुण वाला व्यक्ति दिखावा बहुत करता है।
**d.** आधे जल से भरी गगरी नहीं ले जानी चाहिए।

**12. 'कमल' का स्त्रीलिंग बताएं।**

**a.** कमलिनि **b.** कमली
**c.** कमलिनी **d.** कामले

**13. सन् 2014 के साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता उपन्यासकार रमेशचंद्र शाह के उपन्यास का नाम क्या है?**

**a.** मिलजुल मन **b.** आग की हंसी

**c.** विनायक **d.** रेहन पर रघु

**14. ''छोटा ....... बड़ी बात'' लोकोक्ति को पूरा करें।**

**a.** बालक **b.** मुँह

**c.** सिक्का **d.** साथी

**15. ब्राह्मण का स्त्रीलिंग बताएं।**

**a.** ब्रम्ही **b.** ब्राम्ही

**c.** ब्राह्मणी **d.** ब्रम्हिनी

**निर्देश- (16 से 18) गद्यांश पढ़े एवं निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चुनें-**

भारतीय धर्म ग्रंथ में अनेक तथ्यों का वर्णन मिलता है। किसी भी पुराण में अवतारवाद को प्रधान अंग माना गया है। प्राय: सभी पुराणों में अवतार का प्रसंग आया है। कहीं दस अवतारों की धारणा की पुष्टि हुई है तो कहीं चौबीस अवतारों की। जैन और बौद्ध धर्म को अपने में आत्मसात करने के उद्देश्य से जैन धर्म के आदि प्रवर्तक ऋषभदेव चौबीस अवतारों में हुए और बुद्धदेव के नवें अवतार में। सबसे आश्चर्य और कौतूहल की बात है कि संसार के ये ही दो धर्म हैं जो ईश्वर की सत्ता में विश्वास नहीं करते। भारतीय परिपाटी के अनुसार आस्तिक और नास्तिक का भेद ईश्वर को मानने या न मानने पर निर्भर नहीं रहा, बल्कि वेद के मानने या न मानने पर रहा है। इसी कारण सांख्य तथा मीमांसा की गणना नास्तिक दर्शन में होती चली आई है। किंतु जैन और बौद्ध धर्म तो ईश्वर की सत्ता में विश्वास नहीं करते। फिर भी इनके प्रवर्तकों को अवतारों की कोटि में स्थान देना हिन्दू धर्म की उदारता तथा सहिष्णुता का द्योतक है। आज भी हिन्दू धर्म के कट्टर नेताओं के हृदय और वाणी में संसार के अन्य धर्मों के प्रवर्तकों के प्रति अत्यधिक सम्मान और आदर पाया जाता है। आधुनिक युग में भी अवतारवाद का ही महत्व है, क्योंकि मानव प्राणी में आज भी अवतारवाद पर ही विश्वास है। वैसे हिन्दू धर्म में अवतारवाद को ही श्रेष्ठ मानते हैं। हर हिन्दू समाज में अवतारवाद के ही ऊपर बल देते हैं, क्योंकि उन्हीं में विश्वास है।

**16. 'नास्तिक' का अर्थ है।**

**a.** भगवान को न मानने वाला

**b.** अपने आप पर भरोसे वाला

**c.** पूजा न करने वाला

**d.** मूर्ति पूजा के विरोधी

**17. 'सांख्य तथा मीमांसा' की गणना किसमें होती चली आई है?**

**a.** ईश्वर दर्शन में

**b.** आस्तिक दर्शन में

**c.** नास्तिक दर्शन में

**d.** मूर्ति दर्शन में

**18. .......... और .......... ईश्वर की सत्ता में विश्वास नहीं करते।**

**a.** हिन्दू **b.** सिख-ईसाई

**c.** पारसी-मुस्लिम **d.** जैन-बौद्ध

**19. ''नहीं पराग नहीं मधुर मधु नहीं विकास इही काला अली कली ही सौं विन्ध्यों आगे कौन हवाला'' इस उक्ति में अलंकार पहचानिये।**

**a.** अतिशयोक्ति **b.** वक्रोक्ति

**c.** अन्योक्ति **d.** विरोधाभास

**20. ''भारत रत्न'' विभूषित कवि कौन से हैं?**

**a.** सुभद्रा कुमारी चौहान **b.** गुलजार

**c.** प्रदीप **d.** इनमें से कोई नहीं

**21. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है, पहचानिए।**

**a.** दूध में कौन पड़ गया?

**b.** व: सुन्दर शोभा धारण कर रहा था।

**c.** वह स्वयं आएगा।

**d.** वाक्य और वाक्य के भेदों पर प्रकाश डालिए।

**22. अनुच्छेद के निम्नलिखित वाक्यों को सही क्रम में लगाएं-**

**a. इसका सबूत जिले के विभिन्न स्थानों पर पाए जाने वाले शिलालेख, सिक्के (दुर्गा मंदिर) व अन्य वस्तुएं हैं, जिनका संबंध समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त और स्कन्दगुप्त के शासनकाल से था।**

**b. सिंग्रामपुर में मिले पौराणिक काल के पाषाण हथियार इस बात का साक्ष्य हैं कि यह स्थान करोड़ों वर्ष पहले से मानव सभ्यता का पालना रहा है।**

**c. 5वीं शताब्दी में यह पाटलिपुत्र के भव्य एवं शक्तिशाली गुप्त साम्राज्य का हिस्सा था।**

**d. दमोह का इतिहास बहुत प्राचीन हैं।**

**a.** ADCB **b.** DBCA

**c.** DCAB **d.** BADC

**23. ''हनुमान की पूँछ में लग न पाई आग, लंका सगरी जल गई, गए निशाचर भाग।'' इस उक्ति में कौन-सा अलंकार है?**

**a.** श्लेष वक्रोक्ति **b.** काकू वक्रोक्ति

**c.** अतिशयोक्ति **d.** अन्योक्ति

**24. आधुनिक भारतीय आर्यभाषा का काल कब से कब तक का है?**

**a.** 1500 ई.पूर्व से 800 ई.पूर्व तक

**b.** 1 से 500 ई. तक

**c.** 500 ई. से 1000 ई. तक

**d.** 1000 ई. से अब तक

**25. ''ताजमहल ............ का अद्भुत नमूना है।'' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**

**a.** चित्रकला **b.** शिल्पकला

**c.** स्थापत्यकला **d.** मूर्तिकला

**26. दिए गए विकल्पों में से ''कृपण'' का विरुद्धार्थी शब्द चुनिए।**

**a.** तंगदिल **b.** कंजूस

**c.** उदार **d.** उधार

**27. दिए गए विकल्पों में से ''उपार्जित'' का विरुद्धार्थी शब्द चुनिए।**

**a.** अर्जित **b.** विसर्जित

**c.** अनुपार्जित **d.** सृजित

**28. ''चुनाव क्षेत्रों का पुनः ............ किया जाना चाहिए।'' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**

**a.** परिगणन **b.** परिक्षालन

**c.** परीक्षण **d.** परिसीमन

**29. निम्न वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**हम कब तक सहते रहेंगे और अपमान का घुट पीते रहेंगे।**

**a.** अपमान का घुट **b.** हम कब तक

**c.** सहते रहेंगे और **d.** पीते रहेंगे?

**30. ''सुरभित वातावरण बनाने का सही और सीधा तरीका यह है कि प्रसन्ता, संतोष, उत्साह, उल्लास की ........ बनाये रखने का पूर्ण ........ किया जाए।'' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।**

**a.** अव्यवस्थित, प्रयत्न **b.** मन:स्थिति, प्रयत्न

**c.** परिस्थिति, प्रयत्न **d.** स्थति, प्रयत्न

**31. ''चोटी का पसीना एड़ी तक आना'' इस कहावत का अर्थ बताएं।**

**a.** कूदना **b.** प्रतिदिन कसरत करना

**c.** दौड़ना **d.** कड़ा परिश्रम करना

**32. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है, पहचानिए।**

**a.** राम और सीता वन को गई।

**b.** युद्ध के कारण लोग बर्बाद हो गए।

**c.** उसने धीमी स्वर में बताया।

**d.** उसने कुछ देर से उत्तर दी।

**33. ''हरिपद कोमल कमल से'' इस उक्ति में कौन-सा अलंकार है?**

**a.** यमक **b.** उपमा

**c.** रूपक **d.** उत्प्रेक्षा

**34. दिए गए विकल्पों में से ''एषणा'' का समानार्थी शब्द चुनिए।**

**a.** अभिलाषा **b.** लोभ

**c.** प्यार **d.** लालच

**35. ''घी-खिचड़ी होना'' इस कहावत का अर्थ बताएं।**

**a.** स्वाद बढ़ाना **b.** मकर संक्रांति पर्व मनाना

**c.** पौष्टिकता में वृद्धि होना **d.** खूब घुलना-मिलना

**36. पंडित बनारसी दास द्वारा लिखित हिंदी की पहली आत्मकथा का नाम क्या है?**

**a.** अर्द्ध कथा **b.** मेरा जीवन प्रवाह

**c.** चाँद-सूरज के बीरन **d.** मेरी आत्मकहानी

**37. 'नदी का जल ठंडा है' का सामान्य बहुवचन बताएं।**

**a.** नदी का जल ठंडा है।

**b.** सभी नदी का जल ठंडा है।

**c.** नदियों का जल ठंडा है।

**d.** नदीयों का जल ठंडा है।

**38. 'रेशमी टाई' - एकांकी संग्रह के रचयिता कौन है?**

**a.** रामकुमार वर्मा

**b.** रमाशंकर शर्मा रसाल

**c.** रामकुमार वर्मा

**d.** वेद प्रताप वैदिक

**39. ''बिनु पग चले, सुने बिनु काना।'' इस उक्ति में अलंकार पहचानिए।**

**a.** विभावना **b.** भ्रांतिमान

**c.** व्यतिरेक **d.** संदेह

**40. ''मेरे कुर्ता-पाजामा में साढ़े तीन मीटर कपड़ा लगेगा'' वाक्य में विशेषण पहचानिए।**

**a.** संख्यावाचक **b.** परिमाणवाचक

**c.** गुणवाचक **d.** संकेतवाचक

**41. 'पानी' का सामान्य बहुवचन बताएं।**

**a.** समादर **b.** पानीयों

**c.** पानी **d.** पानियों

**42. दिए गए विकल्पों में से ''किल्मिष'' का समानार्थी शब्द चुनिए।**

**a.** विषैला **b.** पाप

**c.** भयंकर **d.** महाविष

**43. 'लड़के को बुलाओ' का सामान्य बहुवचन बताएं।**

**a.** लड़कों को बुलाओं **b.** लड़के को बुलाओ

**c.** सभी लड़के को बुलाओ **d.** लड़कों को बुलाओ

**44. हिन्दी को विकास प्रदान करने वाली भाषा कौन-सी है?**

**a.** पाली **b.** प्राकृत

**c.** संस्कृत **d.** अपभ्रंश

**45. निम्न वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**इसके लिए एक प्रमाणीक कथा प्रचलित है।**

**a.** प्रचलित है। **b.** कथा

**c.** इसके लिए **d.** एक प्रमाणीक

**46. ''दिल्ली की ........ एशिया में ........ स्थान रखती है।'' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।**

**a.** गलियां, अद्‌भुत **b.** नफासत, अलौकिक

**c.** धोखाधड़ी, अजीब **d.** कुतुबमीनार, विशेष

**47. ''क्रोध ........ का ही एक ........ रूप है।'' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों की पूति करें।**

**a.** नाराजगी, सहज **b.** तामसिकता, घिनौना

**c.** सात्विकता, उत्तम **d.** आत्मीयता, अन्य

**48. ''कदाचित संध्या को पानी बरसे।'' इस वाक्य का काल पहचानें।**

**a.** सामान्य भविष्य काल **b.** संभाव्य भविष्य काल

**c.** वर्तमान काल **d.** भूतकाल

**49. दिए गए विकल्पों में से 'ऊर्जा' का समानार्थी शब्द चुनिए।**

a. शक्ति  b. ईंधन
c. ऊर्वांग  d. उदग्र

**50. 'कुछ बच्चे इधर आओ''' वाक्य में विशेषण पहचानिए।**

a. संकेतवाचक  b. गुणवाचक
c. संख्यावाचक  d. परिमाणवाचक

## व्याख्या सहित उत्तर

**1.** **a.** अप्रैल, 1973 में शिकारियों से बाघों की रक्षा के लिए बाघ परियोजना की शुरुआत हुई थी।

**2.** **c.** कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में बाघ के अतिरिक्त भालू, लोमड़ी, लकड़बग्घा, बिलाव आदि देखे जा सकते हैं।

**3.** **c.** प्रजाति - किस्म

**4.** **b.** हाथी बाघों से नहीं डरते, अत: हाथी की सवारी सुरक्षित है।

**5.** **d.** बहुत निकट होने के कारण वे आसानी से वहाँ जा सकते हैं।

**6.** **c.** कवि मुद्दण का असली नाम लक्ष्मीनारायण था।

**7.** **a.** कवि मुद्दण मंगलूर जिले के नंदलिके गाँव में पैदा हुए थे।

**8.** **b.** कवि मुद्दण उडुपि के एक उच्च विद्यालय में व्यायाम शिक्षक का काम करने लगे।

**9.** **a.** कवि मुद्दण की पत्नी का नाम मनोरमा था।

**10.** **c.** कवि मुद्दण की रचनाएँ हैं-श्री रामाश्वमेध, अद्भुत रामायण, कुमार विजय आदि।

**11.** **c.** 'अधजल गगरी छलकत जाए' मुहावरे का अर्थ है–कम गुण वाला व्यक्ति अधिक दिखावा करता है।

**12.** **c.** 'कमल' का स्त्रीलिंग कमलिनी होता है।

**13.** **c.** रमेशचंद्र शाह के उपन्यास का नाम 'विनायक' है जिसके लिए उन्हें वर्ष 2014 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

**14.** **b.**

**15.** **c.** ब्राह्मण का स्त्रीलिंग ब्राह्मणी होता है।

**16.** **a.** भगवान को न मानने वाला नास्तिक होता है।

**17.** **c.** सांख्य तथा मीमांसा की गणना नास्तिक दर्शन में की जाती है क्योंकि यह दर्शन ईश्वर की सत्ता में विश्वास नहीं करता है।

**18.** **d.**  **19.** **c.**

**20.** **d.** किसी भी कवि को भारत रत्न प्रदान नहीं किया गया है।

**21.** **c.**  **22.** **b.**

**23.** **c.** प्रस्तुत पंक्तियों में अतिश्योक्ति अलंकार है। जहाँ बात को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया जाता है वहाँ अतिशयोक्ति अलंकार होता है।

**24.** **d.** आधुनिक भारतीय आर्यभाषा का काल 1000 ई. से अब तक माना जाता है।

**25.** **c.** प्रश्न में दिए गए रिक्त स्थान में स्थापत्यकला आएगा।

**26.** **c.** 'कृपण' का अर्थ कंजूस होता है अत: इसका विरुद्धार्थी शब्द 'उदार' होगा।

**27.** **c.** 'उपार्जित' का अर्थ है अर्जित करना, अत: इसका विरुद्धार्थी शब्द 'अनुपार्जित' करना होगा।

**28.** **d.**

**29.** **a.** प्रस्तुत वाक्य में 'अपमान का घुंट' मे त्रुटि है। सही वाक्य इस प्रकार–अपमान का घूँट।

**30.** **b.** खाली स्थानों में मन: स्थिति और प्रयत्न विकल्प आयेंगे।

**31.** **d.** ''चोटी का पसीना एड़ी तक आना'' का अर्थ कड़ा परिश्रम करना है।

**32.** **b.** प्रस्तुत वाक्यों में युद्ध के कारण लोग बर्बाद हो गए, व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है।

**33.** **b.**  **34.** **a.**  **35.** **d.**

**36.** **a.** 'अर्द्ध कथा' पंडित बनारसी दास द्वारा लिखित हिन्दी की पहली आत्मकथा है। यह आत्मकथा सन् 1641 ई. में लिखी गई थी।

**37.** **c.**

**38.** **a.** 'रेशमी टाई' एकांकी संग्रह रामकुमार वर्मा की रचना है। इसकी रचना उन्होंने 1941 ई. में की थी। चारूमित्रा (1942), रूपरंग (1948), रिमझिम (1955) तथा पांचजन्य (1957) उनके अन्य एकांकी संग्रह हैं।

**39.** **a.**

**40.** **b.** ''मेरे कुर्त्ता-पाजामा में साढ़े तीन मीटर कपड़ा लगेगा'' इस वाक्य में परिमाणवाचक विशेषण है।

**41.** **c.** पानी का बहुवचन भी पानी ही होता है।

**42.** **b.**

**43.** **d.** 'लड़के को बुलाओ' का बहुवचन 'लड़को को बुलाओ' होगा।

**44.** **d.** हिन्दी को विकास प्रदान करने वाली भाषा अपभ्रंश है।

**45.** **d.**  **46.** **d.**  **47.** **b.**

**48.** **b.** ''कदाचित संध्या को पानी बरसे'' इस वाक्य में संभाव्य भविष्य काल है। जब भविष्य में किसी कार्य के होने की संभावना व्यक्त की जाती है, तो वहाँ संभाव्य भविष्य काल होता है।

**49.** **a.** 'शक्ति' ऊर्जा का समानार्थी शब्द है।

**50.** **c.** प्रस्तुत वाक्य में संख्यावाचक विशेषण होगा। संख्यावाचक विशेषण के दो प्रकार होते हैं निश्चित संख्यावाचक विशेषण तथा अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण। प्रस्तुत वाक्य अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण के अंतर्गत आता है, क्योंकि यहाँ बच्चों की संख्या निश्चित नहीं है।

❑❑❑